Advocate-High Court of M.P.
Dinesh Rawat
B.Sc., L.L.B..
148-E, M.T.H. Compound
1st floor, Indore (M.P.)
Mob. – 094253-17120, 094066-82668, 099939-25312.
e-mail – advocate.dineshrawat@yahoo.com

INDORE CABLE OPERATOR MAHASANGH
12, Lawyer Chamber, M.G. Road, Indore
Mob. 09303442820, 0992666610, 09827726868
email address - planetcablenetwork@gmail.com

Date –03rd, June, 2013
Sr. No. – 1502/13

माननीय नोडल अधिकारी महोदय,
कलेक्टर कार्यालय,
इन्दौर (म.प्र.)

विषय – एनॉलॉग प्रसारण बाधित किए जाने बाबद।

महोदय,

उपरोक्त विषय अन्तर्गत, इन्दौर शहर के केबल ऑपरेटर्स की ओर से विनम्र निवेदन है –

1. यह कि, उक्त संस्था स्थानीय छोटे व मध्यम केबल ऑपरेटर्स L.C.O.की प्रतिनिधि संस्था है।
2. यह कि, दिनांक 1 जून 2013 से आदेश अन्तर्गत M.S.O. द्वारा एनॉलॉग प्रसारण पूरी तरह से बन्द कर दिया गया है।
3. यह कि, M.S.O. से सम्पर्क किए जाने पर यह ज्ञात हुआ कि, शासकीय आदेश अन्तर्गत एनॉलॉग प्रसारण बन्द कर दिया गया है।
4. यह कि, M.S.O. द्वारा निम्न–दर्जे के सेट–टॉप बॉक्स, मनमानीपूर्ण शर्तो पर L.C.O. के माध्यम से, जिसमे दोनो ही समूह L.C.O. तथा आम जनता का अहित है।
5. यह कि, विधि–अनुसार, सेट–टॉप बाक्स उचित B.I.S.मानदण्ड के अनुरूप होना चाहिए, जो M.S.O. द्वारा उपलब्ध नहीं करवाए जा रहे है।
6. यह कि, निम्न गुणवत्ता के सेट टॉप बॉक्स, टी.वी. सेट तथा नेटवर्क के तैयार न होने के कारण, डिजिटल प्रसारण उचित रूप से प्रसारित नहीं हो पा रहा है।
7. यह कि, उक्त प्रसारण के बन्द कर दिए जाने से संपूर्ण शहर अन्तर्गत असमंजस्य की स्थिति व्याप्त हो गई है।

8. यह कि, शहर के M.S.O. द्वारा सेट–टॉप बॉक्स के घरों मे संस्थित किए जाने की असत्य रिपोर्ट, शासन के समक्ष प्रस्तुत की गई है।

9. यह कि, शहर मे, केवल 40 प्रतिशत सेट टॉप बॉक्स संस्थित हो पाए है, जिसमे से गुणवत्ता प्रसारण के अभाव मे कई सेट टॉप बॉक्स अटकने वाली स्थिति मे बाधित हो गए है।

आपसे विनम्र अनुरोध है कि, निम्न बिन्दूओं के दृष्टीगत एनॉलॉग प्रसारण को प्रचलित समस्याओं के निराकरण होने तक डिजिटल प्रसारण के साथ चालू रखा जाए, जिससे आम नागरिक तथा मध्यम–वर्गीय केबल ऑपरेटर को राहत मिल सके –

- यह कि, गत 30 मई 2013 को ट्राई का प्रतिनिधि मण्डल इन्दौर आया था, तथा, उनके द्वारा स्थानीय रवीन्द्र नाट्य गृह मे केबल ऑपरेटर्स महासंघ को आश्वासन दिया था कि, जब तक नेटवर्क उचित गुणवत्ता से परिपूर्ण नहीं हो जाते, तब तक, एनॉलॉग प्रसारण बन्द नहीं किया जाएगा।

- यह कि, उपभोक्ताओं के टी.वी. सेट डिजिटल नहीं होने के कारण डिजिटल प्रसारण त्रुटि युक्त रहेगा।

- यह कि, समस्त केबल ऑपरेटर्स को डिजिटल प्रसारण हेतु अपने नेटवर्क पर, उच्च गुणवत्ता आधारित विशाल परिवर्तन करना है, जिस संदर्भ मे भारी लागत निवेशित की जा रही है। अतः समय की आवश्यकता अनुरूप ही यह निवेश संभव है।

- यह कि, सम्पूर्ण शहर की भुगतान क्षमता के मद्देनज़र, डिजिटल प्रसारण एक महंगा प्रसारण है। सामानान्तर एनॉलॉग प्रसारण उचित हल हो सकता है।

- यह कि, एक टी.वी. सेट को लगभग सन्तुलित डिजिटल 60 dbm. सटीक सिग्नल आवश्यक होते है, जिसे मापने की कोई व्यवस्था केबल–ऑपरेटर स्तर पर शहर मे उपलब्ध नहीं है।

- यह कि, उचित गुणवत्ता के संकेत हेतु, फाईबर ऑप्टीक्स केबल तथा नॉड संयोजित किए जाने है तथा इससे संबंधित अन्य लघु उपकरण भी बाजार मे उपलब्ध नहीं है।

केबल ऑपरेटर्स के अत्यधिक निवेश को देखते हुए यह उचित होगा की डिजिटल प्रसारण के सामानान्तर, एनॉलॉग प्रसारण को जारी रखा जाए, ताकि, मध्यमवर्गीय केबल–ऑपरेटर को अपने नेटवर्क पर उचित गुणवत्ता के उपकरणों के निवेश हेतु, समुचित समय मिल सके।

इति, इन्दौर,
03.06.2013

[signature]
अध्यक्ष
केबल ऑपरेटर महासंघ, इन्दौर।

DINESH RAWAT ADVOCATE 94253-17120

[signature]
अभिभाषक
दिनेश रावत

ENCLR-
Letter of Objection to TRAI at Open House, INDORE